# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांकः 13.10.2025

## प्रकाशनार्थ

**दिनांक 13.10.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज, गोरखपुर के वाणिज्य विभाग द्वारा बी.कॉम. अंतिम वर्ष के छात्र–छात्राओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योगों के व्यावहारिक कार्य प्रणाली से अवगत कराना है।**

**मुख्य वक्ता श्री अवनीश कुमार श्रीवास्तव, बालाजी एकेडमी ने कहा कि** आज के युग में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, विद्यार्थियों को उद्योगों के साथ प्रत्यक्ष रूप से जुड़कर सीखना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योगों में इंटर्नशिप के माध्यम से अपने कौशल को विकसित करने की सलाह दी।

**विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव कुमार सिंह ने कहा कि** ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यावसायिक कौशल को विकसित करने में अत्यंत उपयोगी होते हैं। विद्यार्थियों ने भी इस अनुभव को अपने करियर के लिए प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम का संचालन श्री दीपक कुमार साहनी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक एवं छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

**डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)**
**प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क**